पत्र संख्या-स्था0-2-सामान्य-78-ज्येष्ठता सूची-2015/ 592 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश,

(स्थापना- अनुभाग)

लखनऊ :: दिनाक :: 18 मई, 2018,

// शुद्वि पत्र //

वाणिज्य कर अधिकारी के पद पर कार्यरत कार्मिकों की ज्येष्ठता सूची मुख्यालय के कार्यालय ज्ञाप संख्या-स्था0-2-वा0क0अ0-ज्येष्ठता-2015/3431/वाणिज्य कर दिनांक 23-11-2015 द्वारा ज्येष्ठता क्रमांक-2583 से ज्येष्ठता क्रमांक-3206 तक जारी की गयी थी। इस ज्येष्ठता सूची में उल्लिखित कतिपय कार्मिकों की उनके नाम के सम्मुख अंकित सूचनाओं का अभिलेखो से परीक्षण करने पर अशुद्वियॉं / त्रुटियॉं पायी गयी। उक्त ज्येष्ठता सूची में इन अशुद्वियो / त्रुटियों का संशोधन करने पर किसी भी कार्मिक की ज्येष्ठता प्रभावित नही हो रही है। अत: उक्त अशुद्वियों/ त्रुटियों का परीक्षणोंपरान्त निम्न प्रकार एतद्द्वारा संशोधन किया जाता है :-

1- ज्येष्ठता सूची दिनांक 23-11-2015 के ज्येष्ठता क्रमांक-3086 पर अभिलेखो के अनुसार अंकित श्री देवेन्द्र (जन्मतिथि 13-04-1980) का अभ्यर्थन मुख्यालय के आदेश संख्या-3809 दिनांक 17-12-2015 द्वारा निरस्त हो जाने के कारण श्री देवेन्द्र, वाणिज्य कर अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण नही कर सके थे जिसके कारण वाणिज्य कर अधिकारी की ज्येष्ठता सूची के क्रमांक-3086 से श्री देवेन्द्र का नाम एतद्द्वारा निरस्त करते हुए डिलीट किया जाता है।

2- ज्येष्ठता क्रमांक-3101 पर अंकित सुश्री प्रियंका (जन्मतिथि 07-05-1977) वाणिज्य कर अधिकारी खण्ड-22, कानपुर की वाणिज्य कर अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि ज्येष्ठता सूची में अंकित नही थी। अभ्युकित में कार्यभार ग्रहण करने की सूचना अप्राप्त दर्शायी गयी थी। अभिलेखो का परीक्षण करने पर पाया गया कि सुश्री प्रियंका की वाणिज्य कर अधिकारी की उक्त ज्येष्ठता सूची जारी किये जाने के उपरान्त उनके द्वारा वाणिज्य कर अधिकारी के पद पर दिनांक 30-06-2016 को कार्यभार ग्रहण किया गया है। अत: सुश्री प्रियंका वाणिज्य कर अधिकारी की विभाग में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि 30-06-2016 तद्नुसार पढ़ी /समझी जाये।

3- ज्येष्ठता क्रमांक-3106 पर अंकित श्री दमयन्ती गंगवार, वाणिज्य कर अधिकारी खण्ड-2, शाहजहॉंपुर अंकित है जबकि अभिलेखो के अनुसार यह कार्मिक महिला कर्मी है इसलिए अभिलेखो के आधार पर ज्येष्ठता क्रमांक-3106 पर अंकित कार्मिक का नाम सुश्री दमयन्ती गंगवार तद्नुसार संशोधित करते हुए पढ़ा / समझा जाये।

4- ज्येष्ठता क्रमांक-3124 पर अंकित श्री संदीप कुमार (जन्मतिथि 01-07-1985) वाणिज्य कर अधिकारी, सचल दल-3, अलीगढ़ की वाणिज्य कर अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि 19-06-2013 दर्शायी गयी है जबकि अभिलेखो का परीक्षण करने पर पाया गया कि श्री संदीप कुमार की वाणिज्य कर अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की वास्तविक तिथि 14-06-2013 है। अत: श्री संदीप कुमार, वाणिज्य कर अधिकारी की विभाग में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि 14-06-2013 तद्नुसार संशोधित समझी/ पढ़ी जाये।

उक्त के अतिरिक्त अन्तिम ज्येष्ठता सूची दिनांक 23-11-2015 के शेष अंश यथावत प्रभावी रहेगें।

ह0/-

(कामिनी चौहान रतन)

कमिश्नर वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश,

लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या एवं दिनांक: उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- विशेष सचिव, कर एवं निबन्धन अनुभाग-1/3, उ0प्र0शासन, सचिवालय, लखनऊ।

--2/

2- सचिव लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

3- संबंधित जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, बरेली / कानपुर प्रथम/ द्वितीय/ अलीगढ़ / आगरा।

4- संबंधित आहरण वितरण अधिकारी, शाहजहाँपुर / कानपुर / अलीगढ़ / आगरा।

5- असिस्टेन्ट कमिश्नर (कम्प्यूटर)वाणिज्य कर, मुख्यालय को उक्त शुद्धि पत्र की एक प्रति विभाग की बेबसाईट पर प्रकाशित कराने हेतु।

6- संबंधित अधिकारियों को नाम से।

7- स्था0-2 पटल को 10-अतिरिक्त प्रतियाँ।

(बबिता तिवारी)
ज्वाइन्ट कमिश्नर(स्थापना)वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।